# 6 राजस्थान के लोक देवता

1. मीणा जनजाति के लोग किसकी झूठी कसम नहीं खाते है?
(1) केसरिया नाथ (2) भूरिया बाबा
(3) हाकिम राजा (4) मावजी की (2)

2. 'ऊँटों के देवता' है –
(1) तेजाजी (2) पाबुजी
(3) हड़बु जी (4) मेहा जी (2)

3. कौनसे लोकदेवता मारवाड़ के पंचपीरों में शामिल नहीं है ?
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) गोगाजी (2)

**व्याख्या–** मारवाड़ के पंच पीरों में गोगाजी, पाबूजी, मेहाजी, हड़भूजी व रामदेव जी शामिल हैं।

4. किस लोकदेवता की बाँसवाड़ा में सर्वाधिक मान्यता है
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) कल्ला जी (4)

**व्याख्या–** कल्ला जी की सर्वाधिक मान्यता बाँसवाड़ा में है। (यहाँ इनके लगभग 200 मंदिर है।) इनके थान पर भूत–पिशाच ग्रस्त लोगों व रोगी पशुओं का इलाज होता है।

5. 'शेषनाग का अवतार' किस लोक देवता को कहते हैं ?
(1) पाबुजी (2) कल्लाजी
(3) मेहाजी (4) रामदेव जी (2)

6. 'देवजी की फड़' बांचते समय कौनसा वाद्य यंत्र बजाया जाता है?
(1) रावण हत्था (2) अलगोजा
(3) जंतर (4) भपंग (3)

7. राजस्थान के लोकदेवताओं में सबसे लम्बा गीत किसका माना जाता है?
(1) पाबुजी (2) गोगाजी
(3) देवनारायण जी (4) रामदेव जी (4)

8. किस लोकदेवता के पुत्र केसरिया कुंवर भी लोकदेवता की तरह पूजे जाते हैं?
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) गोगाजी (4)

9. शेखावाटी के लोकदेवता के रूप में माने जाने वाले जवाहर जी को बीकानेर के किस शासक ने शरण दी थी ?
(1) सरदार सिंह (2) सार्दुलसिंह
(3) रतनसिंह (4) गंगासिंह (3)

10. पाबूजी को किसका अवतार माना जाता है?
(1) लक्ष्मण का (2) राम का
(3) हनुमान का (4) विष्णु का (1)

11. डूँगरजी व जवाहरजी बठोठ–पाटोटा के रहने वाले कच्छवाहा वंशीय राजपूत थे, ये स्थान किस जिले में स्थित है?
(1) बीकानेर (2) सीकर
(3) जयपुर (4) नागौर (2)

12. किस लोकदेवता के मेले में राजस्थान के बाद सर्वाधिक अनुयायी उत्तरप्रदेश से आते हैं?
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) देवनारायण जी (4) गोगाजी (4)

**व्याख्या–** गोगाजी के मेले में उत्तरप्रदेश से आने वाले अनुयायी पीले वस्त्र पहन कर आते है, जिन्हें पूर्बिया कहा जाता है।

13. लोक देवता तेजाजी ने गायों को बचाने के लिए मेर के मीणाओं से किस स्थान पर युद्ध किया था?
(1) सैंदरिया (2) मंडावरिया (3) पनेर (4) सुरसरा (2)

**व्याख्या–** अजमेर के मंडावरिया नामक स्थान पर तेजाजी ने मेर (आमेर) के मीणाओं से लाछां गुजरी की गायों को बचाने के लिए युद्ध किया था।

14. चांदा, डेमा व हरमल किस लोकदेवता के सहयोगी थे?
(1) पाबुजी (2) तेजाजी
(3) कल्ला जी (4) गोगाजी (1)

15. 'उज्जवल छतरी/छत्री' के नाम से कौनसे लोकदेवता को जाना जाता है?
(1) रामदेवजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) मेहा जी (4)

16. राजस्थान के किस लोकदेवता ने 'कुण्डा पंथ' की स्थापना की ?
(1) रामदेवजी (2) मल्लीनाथ जी
(3) मेहाजी (4) कल्ला जी (2)

**व्याख्या–** कुण्डा पंथ– इस वाममार्गी पंथ में साधना की विचित्र पद्धति अपनाई जाती है। इस पंथ में प्रावधान है कि कुण्डा पंथी साधु द्वारा किसी गृहस्थ को पंथ में दीक्षित करना जरूरी होता है तभी उनकी मृत्यु के बाद उसकी आत्मा को शांति मिलती है नहीं तो उसकी आत्मा भटकती रहती है।

17. लोक देवता 'देवजी की फड़' कौन–सी जाति के भोपे बांचते हैं?
(1) नायक (2) कामड़
(3) गुर्जर (4) मीणा (3)

18. कौनसे लोक देवता को 'पीरों का पीर' कहा गया है?
(1) रामदेवजी (2) कल्लाजी
(3) हड़बुजी (4) गोगाजी (1)

19. लोक देवता तेजाजी महाराज का पवित्र तीर्थ 'बाँसी दुगारी' कहाँ स्थित है?
(1) नागौर (2) बूँदी
(3) जोधपुर (4) बाँसवाड़ा (2)

20. गोगाजी के गोगामेड़ी (नोहर) में लगने वाले मेले की भारतीय तिथिक्रम के अनुसार महीना और तिथि है–
(1) चैत्र कृष्ण नवमी (2) भाद्रपद शुक्ल नवमी
(3) चैत्र शुक्ल नवमी (4) भाद्रपद कृष्ण नवमी (4)

21. राजस्थान के किस लोकदेवता की एक हाथ में झाड़ व दूसरे हाथ में लाठी लिए सवार प्रतिमा होती है ?
(1) देवनारायणजी (2) कल्ला जी
(3) देव बाबा (4) भूरिया बाबा (3)

**व्याख्या–** देव बाबा को गुर्जरों व ग्वालों के पालनहार/कष्ट निवारक देवता उपनाम से जाना जाता है। इनका मुख्य मंदिर नगला जहाज (भरतपुर) में स्थित है। इनके एक हाथ में झाड़ व दुसरे हाथ में लाठी लिए भैंसे पर सवार प्रतिमा होती है।

22. निम्न में से बीकानेर के जाखड़ समाज के कुल देवता है?
(1) कल्ला जी (2) हड़बुजी
(3) बिग्गा जी (4) तेजाजी (3)

**व्याख्या–** वीर बिग्गा जी का जन्म रीड़ी गाँव (बीकानेर) के जाट परिवार में 1301 ई. में हुआ था। इनकी सर्वाधिक मान्यता बीकानेर जिले में है। इन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन गौ–सेवा में व्यतित किया था।

23. निम्नलिखित युग्मों को सही सुमेलित कीजिये –

| उपनाम | लोकदेवता |
|---|---|
| (क) चार हाथों वाले लोक देवता | 1. तेजाजी |
| (ख) काला और बाला के देवता | 2. कल्ला जी |
| (ग) ऊँटों के देवता | 3. गोगा जी |
| (घ) जाहर पीर | 4. भोमिया जी |
| (ङ) भूमि रक्षक देवता | 5. पाबुजी |

| | क | ख | ग | घ | ङ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 |
| (2) | 2 | 1 | 5 | 3 | 4 |
| (3) | 2 | 5 | 1 | 3 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 3 | 1 | 5 |

(2)

24. किस लोक देवता ने गायों की रक्षार्थ प्रत्यक्ष युद्ध नहीं किया?
(1) गोगाजी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) रामदेव जी (4)

25. कामड़िया पंथ के संस्थापक कौन थे?
(1) रामदेवजी (2) गोगाजी
(3) देवनारायण (4) कल्लाजी (1)

26. किस लोक देवता की पत्नी उनकी मृत्यु के बाद सती हो गई?
(1) रामदेव जी (2) गोगाजी
(3) तेजाजी (4) मल्लीनाथ जी (3)

27. अकबर के चित्तौड़गढ़ आक्रमण (1567–68 ई.) के समय कौन से लोक देवता युद्ध करते हुए मारे गये?
(1) पाबूजी (2) वीर कल्ला जी
(3) भूरिया जी (4) देवनारायण जी (2)

28. 'खेजड़ी वृक्ष' राजस्थान के किस लोक देवता का प्रतीक है?
(1) फत्ता जी (2) देवनारायण जी
(3) पनराज जी (4) गोगाजी (4)

29. 'नेजा' से आशय है–
(1) तेजाजी का मंदिर (2) पाबूजी का मेला
(3) गोगाजी का भाला (4) रामदेवजी की ध्वजा (4)

30. तिलवाड़ा का मल्लीनाथ मंदिर किस नदी के तट पर अवस्थित है?
(1) सुकड़ी नदी (2) जोजड़ी नदी
(3) जवाई नदी (4) लूनी नदी (4)

31. 'धुरमेड़ी' स्थान किस लोक देवता से सम्बन्धित है?
(1) हड़भू जी (2) कल्लाजी
(3) तेजाजी (4) गोगाजी (4)

**व्याख्या–** ऐसा माना है कि युद्ध में लड़ते समय गोगाजी का धड़ जिस स्थान (गोगामेड़ी) पर गिरा था, उसे धुरमेड़ी कहा जाता है।

32. तिलवाड़ा (बाड़मेर) में राजस्थान के निम्नलिखित में से किस लोक देवता का प्रमुख मंदिर है?
(1) तल्लीनाथ जी (2) गौतमेश्वर जी
(3) देवनारायण जी (4) मल्लीनाथ जी (4)

33. बाबा रामदेवजी की माता का नाम है?
(1) मेणादे (2) पेमलदे
(3) नेतलदे (4) बाछलदे (1)

34. निम्न को सुमेलित कीजिए–

| (लोक देवता) | (मुख्य स्थल) |
|---|---|
| (क) हड़बू जी | I- बेंगटी (जोधपुर) |
| (ख) गोगाजी | II- गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) |
| (ग) मेहा जी | III- बापणी (जोधपुर) |
| (घ) मल्लीनाथ | IV- तिलवाड़ा (बाड़मेर) |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | IV | I |
| (2) | I | II | III | IV |
| (3) | II | IV | I | III |
| (4) | III | II | IV | I |

(2)

35. डूँगरजी–जवारजी का सम्बन्ध था–
(1) जोधपुर लीजन (2) शेखावाटी ब्रिगेड से
(3) मेवाड़ भील कोर (4) मेरवाड़ा बटालियन (2)

36. लोकदेवता गोगाजी की जन्मस्थली है?
(1) सांचोर (जालौर) (2) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़)
(3) ददरेवा (चुरू) (4) खड़नाल (नागौर) (3)

**व्याख्या–** गोगाजी का जन्म ददरेवा (चुरू) में विक्रम संवत् 1003 (946 ई.) में भाद्रपद कृष्ण नवमी को हुआ था। गोगाजी को साँपों के देवता/जाहरपीर/गोगापीर/नागराज भी कहते है।

37. लोकदेवता रामदेव जी के सम्बन्ध में असुमेलित युग्म है–
(1) रात्रि जागरण– जम्मा
(2) रामदेवरा जाने वाले पैदल यात्री– जातरू
(3) रामदेव जी की चमत्कारी जीवन गाथाओं का वर्णन– पवाड़ा
(4) रामदेव जी के मेघवाल भक्त– रिखिया (3)

**व्याख्या–** रामदेव जी की चमत्कारी जीवन गाथाओं का यशगान 'पर्चा' कहलाते हैं। पाबूजी के पवाड़े प्रसिद्ध हैं।

38. गोगाजी का मेला कहाँ आयोजित किया जाता है?
(1) परबतसर (नागौर) (2) तिलवाड़ा (बाड़मेर)
(3) कोलूमण्ड (जोधपुर) (4) नोहर (हनुमानगढ़) (4)

**व्याख्या–** गोगाजी का मेला भाद्रपद कृष्ण नवमी को भरता है।

39. वह कौनसे लोक देवता हैं जिसकी आराधना इसलिए की जाती है, क्योंकि गायों को छुड़वाने हेतु अपने जीवन की आहूति दी?
(1) मामादेव (2) इलोजी
(3) तेजाजी (4) हरिराम जी (3)

40. लोकदेवता कल्ला जी का जन्म स्थान है?
(1) बिलाड़ा (जोधपुर) (2) सेरूणा (बीकानेर)
(3) सुजानगढ़ (चूरू) (4) सामियाना (नागौर) (4)

**व्याख्या–** वीर कल्ला जी राठौड़ का जन्म सामियाना गाँव (मेड़ता, नागौर) में 1544 ई. में आश्विन शुक्ल अष्टमी को हुआ था।

41. गायों की रक्षा में अपने प्राणोत्सर्ग करने वालों में कौन प्रसिद्ध है?
(1) गोगाजी, तेजाजी, पाबूजी, पनराज जी, बिग्गा जी
(2) गोगाजी, तेजाजी, मल्लीनाथ जी, हरिराम जी,
(3) पाबूजी , रामदेव जी, मेहाजी, फत्ता जी
(4) तेजाजी, हड़भूजी, रामदेवजी, कल्लाजी, झुंझार जी (1)

42. 'भूरिया बाबा' आराध्य देवता है?
(1) गोड़वाड़ के मीणाओं के (2) शेखावाटी के जाटों के
(3) वागड़ के भीलों के (4) मेवात के मेवों के (1)

**व्याख्या–** भूरिया बाबा/गौतमेश्वर का मुख्य मंदिर व मेला पौसलिया (शिवगंज तहसील, सिरोही) में मंदिर बना है, जो सिरोही–पाली सीमा पर सुकड़ी नदी के किनारे स्थित है। यहीं पर इनका 13 अप्रैल से 15 अप्रैल के मध्य मेला भरता है जो अरावली पर्वत श्रृंखला में गोड़वाड़ क्षेत्र के मीणाओं का सबसे बड़ा मेला है।

43. वह लोक देवता जिसे गोगाजी की भाँति 'नागों का देवता' के रूप में प्रसिद्धि प्राप्त है?
(1) रामदेवजी (2) मल्लीनाथ जी
(3) तेजाजी (4) पाबूजी (3)

44. गोगामेड़ी (शीर्षमेड़ी) कहाँ स्थित है?
(1) गोगामेड़ी (हनुमानगढ़) (2) दुगारी (बूँदी)
(3) ददरेवा (चूरू) (4) सांचौर (जालोर) (3)

**व्याख्या–** गोगाजी का जन्म ददरेवा (चुरू) में भाद्रपद कृष्ण नवमी को हुआ था। युद्ध में लड़ते समय गोगाजी का सिर यहीं गिरा था, इसलिए यह स्थान शीर्ष मेड़ी कहलाता है।

45. किस लोक देवता की फड़ सबसे अधिक प्राचीन फड़ है?
(1) देवनारायणजी की फड़ (2) रामदेवजी की फड़
(3) पाबूजी की फड़ (4) इनमें से कोई नहीं (1)

46. लोकदेवता रामदेव जी के सम्बन्ध में असुमेलित है–
(1) पिता– अजमल जी (2) गुरु– भैरवनाथ
(3) भाई– बीरमदेव (4) पत्नी– नेतल दे (2)

**व्याख्या–** रामदेवजी के गुरु का नाम बालीनाथ था।

47. तेजाजी ने लाछां गूजरी की गायें किससे छुड़ाने के लिए अपने जीवन की आहूति दी?
(1) जींदराव खींची से (2) मेर के मीणाओं से
(3) मोहम्मद गजनवी से (4) इनमें से कोई नहीं (2)

48. निम्न में से कौनसे लोकदेवता पंचपीरों में शामिल नहीं है?
(1) हड़बूजी (2) गोगाजी
(3) मेहाजी (4) वीर कल्ला जी (4)

49. रेबारी जाति के आराध्य देव हैं?
(1) रामदेव जी (2) तेजाजी
(3) पाबूजी (4) कल्ला जी (3)

50. गुर्जर जाति के बगड़ावत भोपे जंतर वाद्य यंत्र के साथ किस लोकदेवता की फड़ बाँचते हैं?
(1) देवजी (2) हड़बु जी
(3) पाबुजी (4) कल्लाजी (1)

**व्याख्या–** देवजी/देवनारायण जी की फड़ गुर्जर जाति के बगड़ावत भोपों द्वारा जन्तर नामक वाद्य यंत्र के साथ बाँची जाती है। सभी लोकदेवताओं की फड़ में यह सबसे प्राचीन व सबसे लम्बी फड़ है।

51. निम्न में से कौनसी भाई–बहन की जोड़ी लोकदेवी–देवता के रूप में पूज्य है?
(1) रामदेवजी–डालीबाई (2) हर्षनाथ–जीणमाता
(3) तेजाजी–लाछांगुजरी (4) हड़बूजी–पेमलबाई (2)

52. निम्न में से गोगाजी के गुरु कौन थे?
(1) समरथ भारती (2) गोरखनाथ
(3) जालन्धर नाथ (4) भैरव नाथ (2)

53. चौबीस बाणियां नामक पुस्तक के रचयिता है?
(1) हड़बूजी (2) देवजी
(3) रामदेवजी (4) जसनाथ जी (3)

**व्याख्या–** रामदेवजी राजस्थान के एकमात्र लोकदेवता है जो कवि भी थे। इन्होंने 'चौबीस बाणियां' नामक पुस्तक की रचना की थी।

54. राव सलखा किस लोकदेवता के पिता का नाम है?
(1) हड़बूजी (2) मल्लीनाथ जी
(3) मेहाजी (4) तल्लीनाथ जी (2)

**व्याख्या–** राव सलखा 1357 ई. से 1374 ई. तक महेवा (बाड़मेर) के शासक रहे थे। मल्लीनाथ के दादा राव तीड़ा भी यहाँ के शासक रहे थे।

55. 'शकुन शास्त्र के ज्ञाता' के उपनाम से जाने जाते है?
(1) मेहाजी (2) कल्लाजी
(3) हड़बूजी (4) पाबूजी (3)

56. पाबूजी गौरक्षार्थ किसके विरूद्ध युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे?
(1) महमूद गजनवी (2) राणंगदेव भाटी
(3) मेर के मीणाओं से (4) जीन्दराव खींची (4)

**व्याख्या–** 1276 ई. में पाबूजी ने देवल चारणी की गायों को बचाने के लिए अपने बहनोई जींदराव खींची के विरूद्ध जोधपुर के देचुं नामक स्थान पर लड़ते हुए वीर गति प्राप्त की थी।

57. जालौर के लोकदेवता/प्रकृति प्रेमी लोकदेवता के उपनाम से जाने जाते है?
(1) देवनारायण जी (2) तल्लीनाथ जी
(3) भूरिया बाबा (4) मल्लीनाथ जी (2)

58. किस लोकदेवता ने 1378 ई. में मालवा सुल्तान निजामुद्दीन व फिरोजशाह तुगलक की संयुक्त सेना को हराया था?
(1) मल्लीनाथ जी (2) कल्ला जी
(3) पाबूजी (4) गोगाजी (1)

**व्याख्या–** मल्लीनाथ जी ने 1378 ई. में मालवा सुल्तान निजामुद्दीन व फिरोजशाह तुगलक की संयुक्त सेना को हराया था, इन्होंने इस युद्ध में मुसलमानों की 13 दलों की विशाल सेना को परास्त किया था। इसलिए 'तेरह तुंगा भांगिया माले सलखाणी' कहावत प्रचलित हुई।

59. बरसात के देवता माने जाते है?
(1) इलोजी (2) झरड़ाजी
(3) मामादेव (4) फत्ताजी (3)

**व्याख्या–** मामादेव के पुजा स्थल पर मूर्ति के स्थान पर काष्ठ का तोरण होता है जो गाँव के बाहर मुख्य सड़क पर प्रतिष्ठित होता है। इनको प्रसन्न करने हेतु भेंसे की बलि दी जाती है।

60. निम्न में से सुमेलित कीजिए–

| सूची–I | सूची–II |
|---|---|
| (A) मांगलियों के इष्ट देवता | (1) गोगाजी |
| (B) साँपों के देवता | (2) हड़बूजी |
| (C) शकुन शास्त्र के ज्ञाता | (3) वीर कल्ला जी |
| (D) शेषनाग के अवतार | (4) मेहाजी |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 4 | 1 | 3 |

(1)

61. निम्न में से सुमेलित कीजिए–

| लोकदेवता | जन्म स्थान |
|---|---|
| (A) रूपनाथ जी | (1) नगला जहाज |
| (B) बाबा झुंझारजी | (2) कोलूमण्ड |
| (C) वीर बिग्गा जी | (3) इमलोहा गाँव |
| (D) देवबाबा | (4) रीड़ी गाँव |

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | 4 | 1 | 2 | 3 |
| (2) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (3) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (4) | 2 | 3 | 4 | 1 |

(4)

62. निम्न में से कौनसे देवता भूमि के रक्षक देवता माने जाते है?
(1) हरिराम जी (2) रूपनाथ जी
(3) भौमिया जी (4) खेतरपाल जी (3)

**व्याख्या–** भोमिया जी भूमि के रक्षक देवता माने जाते है। राजस्थान में किसान इनकी पुजा प्रायः खेत–खलिहान में करते है।

63. वीर फत्ता जी का जन्म स्थान है?
(1) रीड़ी गाँव (बीकानेर) (2) इमलोहा गाँव (सीकर)
(3) सांथू गाँव (जालौर) (4) झोरड़ा गाँव (नागौर) (3)

**व्याख्या–** वीर फत्ता जी का जन्म सांथू गाँव (जालौर) में गज्जारणी परिवार में हुआ था। इनका मुख्य मंदिर सांथू गाँव (जालौर) में स्थित है। यहाँ प्रतिवर्ष भाद्रपद शुक्ल नवमी को इनका विशाल मेला लगता है।

64. राजस्थान में दूल्हे के वेश में मरने वाले लोकदेवता है?
(1) देवबाबा (2) वीर कल्लाजी
(3) भूरिया बाबा (4) हरिराम जी (2)

65. निम्न में से असत्य कथन कौनसा है?
(1) तल्लीनाथ जी को 'जालौर के लोकदेवता' के उपनाम से जाना जाता है।
(2) वीर कल्ला जी राठौड़ को केहर, कल्याण, कमधज, योगी आदि उपनामों से जाना जाता है।
(3) मेहाजी मांगलिया को 'उज्ज्वल छत्री' के नाम से जाना जाता है।
(4) पाबूजी को 'विष्णु का अवतार' उपनाम से जाना जाता है।(4)

**व्याख्या–** पाबूजी को लक्ष्मण का अवतार/प्लेग रक्षक/गो रक्षक आदि उपनामों से जाना जाता है।

66. निम्न में से असत्य है?
(1) हड़बूजी– छकड़ा गाड़ी (2) मामादेव– काठ का तोरण
(3) देवनारायण जी– ईट (4) हरिराम जी– थान (4)

**व्याख्या–** लोकदेवता हरिराम जी के मंदिर में मूर्ति नहीं होती है, यहाँ साँप की बांबी व बाबा के चरण चिह्न पूजे जाते हैं।

67. निम्न में से कौनसे लोकदेवता गाँव रक्षार्थ शहीद हुए?
(1) मामादेव (2) हड़बूजी
(3) झुँझार जी (4) इलोजी (3)

68. किस लोकदेवता की मूर्ति के स्थान पर काष्ठ का तोरण होता है, तथा इन्हें प्रसन्न करने के लिए भैंसे की बलि दी जाती है?
(1) मामा देव (2) देव बाबा
(3) इलो जी (4) भूरिया बाबा (1)

69. निम्न को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| लोक देवता | पत्नी का नाम |
|---|---|
| (क) गोगाजी | I- फूलम दे |
| (ख) रामदेव जी | II- पेमल दे |
| (ग) तेजाजी | III- नेतल दे |
| (घ) पाबूजी | IV- केलम दे |

| | क | ख | ग | घ |
|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | IV | I |
| (2) | IV | III | II | I |
| (3) | II | III | IV | I |
| (4) | III | II | IV | I |

(2)

70. निम्न को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| लोक देवता | जाति |
|---|---|
| (क) गोगाजी | I- राठौड़ |
| (ख) रामदेव जी | II- तंवर |
| (ग) तेजाजी | III- चौहान |
| (घ) पाबूजी | IV- जाट |
| (ड़) हड़भू जी | V- सांखला |

| | क | ख | ग | घ | ड़ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | IV | I | V |
| (2) | V | IV | III | II | I |
| (3) | II | V | IV | I | III |
| (4) | III | II | IV | I | V |

(4)

71. निम्न को सुमेलित कीजिए और नीचे दिए गए कूटों में से सही उत्तर का चयन कीजिए–

| लोक देवता | मेले की तिथि |
|---|---|
| (क) गोगाजी | I- भाद्रपद शुक्ल सप्तमी |
| (ख) रामदेव जी | II- चैत्र अमावस्या |
| (ग) तेजाजी | III- भाद्रपद शुक्ल दशमी से भाद्रपद पूर्णिमा |
| (घ) पाबूजी | IV- भाद्रपद शुक्ल द्वितीय से भाद्रपद शुक्ल एकादशी |
| (ड़) देवनारायण जी | V- भाद्रपद कृष्ण नवमी |

| | क | ख | ग | घ | ड़ |
|---|---|---|---|---|---|
| (1) | II | III | IV | I | V |
| (2) | V | IV | III | II | I |
| (3) | II | V | IV | I | III |
| (4) | III | II | IV | I | V |

(2)

72. निम्न में से कौनसा स्थान देवनारायण जी से सम्बन्धित नहीं है?
(1) देवमाली (अजमेर) (2) देवगढ़ (राजसमंद)
(3) देवधाम जोधपुरिया (टोंक) (4) देव डुंगरी पहाड़ (चित्तौड़) (2)

73. कौनसे लोकदेवता को मारवाड़ क्षेत्र में अविवाहितों को दुल्हन तथा नवदम्पतियों को सुखद वैवाहिक जीवन व बांझ स्त्रियों को संतान प्राप्ति के आशीर्वाद के लिए पूजा जाता है?
(1) इलोजी (2) मामादेव
(3) भोमिया जी (4) पाबूजी (1)

**व्याख्या–** इलोजी के बारे में माना जाता है कि वे हिरण्यकश्यप के बहनाई व होलिका के होने वाले पति थे। ये स्वयं कुंवारे रहे लेकिन विवाह का वरदान देते हैं। मारवाड़ क्षेत्र में इनकी नग्न आदमकद प्रतिमाएँ मिलती है। होली के अवसर पर बाड़मेर में इलोजी की बारात/सवारी निकाली जाती है।

74. 'घोड़ों के तीर्थस्थल' के रूप में माना जाने वाला आलम जी का मंदिर किस जिले में स्थित है?
(1) जोधपुर (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर (4) नागौर (2)

75. लोकदेवता देवनारायण जी ने किस स्थान पर मुस्लिम आक्रमणकारियों से युद्ध करते हुए वीरगति प्राप्त की थी?
(1) देवमाली (अजमेर) (2) आसींद (भीलवाड़ा)
(3) देवधाम जोधपुरिया (टोंक) (4) जहाजपुर (भीलवाड़ा) (1)

76. 'पाबूजी की फड़' में भोपों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला लोकवाद्य है?
(1) अलगोजा (2) रावण हत्था
(3) रणबाजा (4) कामायचा (2)

**व्याख्या–** पाबूजी की फड़ – ऊँट के स्वस्थ होने पर पाबूजी की फड़ का वाचन नायक जाति के भोपे रावणहत्थे वाद्ययंत्र के साथ करते है, यह राजस्थान की सर्वाधिक लोकप्रिय फड़ है।

77. शेखावाटी के रोबिनहुड़ के नाम से किसे जाना जाता है?
(1) डुँगरजी–जवाहरजी (2) सगसजी सुल्तान सिंह
(3) बलजी–भूरजी (4) इनमें से कोई नहीं (3)

78. आदिवासियों के प्रसिद्ध लोकदेवता है?
(1) खेतरपाल जी (2) आलम जी
(3) वीर बावसी (4) गालव ऋषि (3)


79. निम्न में से कौनसा युग्म (लोकदेवता–पत्नी) सुमेलित है?
(1) मल्लीनाथ जी– मायड़ दे (2) देवनारायण जी–पीपल दे
(3) रामदेव जी– मैणा दे (4) पाबूजी– पेमल दे (2)


**व्याख्या–** लोकदेवता मल्लीनाथ जी की पत्नी का नाम रूपल दे था, लोकदेवता रामदेवजी की पत्नी का नाम नेतल दे था तथा लोकदेवता पाबूजी की पत्नी का नाम फुलम दे था।

80. निम्न में से कौनसा युग्म (लोकदेवता–वाहन) सुमेलित नहीं है ?
(1) देव बाबा – लीलागर घोड़ा (2) हडबूजी – सिया (बैलगाड़ी)
(3) तेजाजी – लीलण घोड़ी (4) गोगाजी – नीला घोड़ा (1)

**व्याख्या–** लोकदेवता देव बाबा का वाहन भैंसा है तथा लीलागर घोड़ा देवनारायण जी का वाहन है।

# तृतीय श्रेणी शिक्षक भर्ती मुख्य परीक्षा- 2022 के लिए सर्वश्रेष्ठ पुस्तकें-




**धींधवाल पब्लिकेशन की उपरोक्त पुस्तकें राजस्थान के सभी शहरों में प्रमुख बुक स्टोर पर उपलब्ध हैं। ऑनलाईन ऑर्डर कर घर बैठे मंगवाने के लिए मोबाईल नंबर 7725969600 (कानाराम जी) पर फोन या वाट्सअप मैसेज करें।**